बिहार में अब सभी राशनकार्डधारियों को मिलेगी मुफ्त इलाज की सुविधा

चर्चा में क्यों?

8 जुलाई, 2022 को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने 'आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना' के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों व अस्पतालों के लिये आयोजित सम्मान समारोह में राज्य के सभी राशनकार्डधारियों के लिये 'आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना' के तर्ज पर मुफ्त इलाज की सुविधा की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पर 66 चिकित्सकों व 5 अस्पतालों को सम्मानित भी किया गया है।
- आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के तर्ज पर मुफ्त इलाज की सुविधा के फलस्वरुप बिहार की 9 करोड़ की आबादी को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख तक का कैशलेश इलाज कराने के लिये कवर किया जाएगा।
- मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 1 करोड़ 9 लाख परिवार इस योजना के अंतर्गत बतौर लाभार्थी केंद्र सरकार से सूचीबद्ध हैं, लेकिन राज्य के अंदर सभी राशनकार्डधारी इस योजना से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं।
- राज्य में लगभग 1 करोड़ 80 लाख परिवार हैं, जो राशनकार्डधारी हैं। अत: शेष बचे लगभग 70 लाख राशनकार्डधारी परिवारों को 5 लाख प्रति परिवार प्रतिवर्ष देने की योजना को बिहार कैबिनेट ने स्वीकृत किया है, जिसके फलस्वरुप बिहार के सारे कार्डधारी लाभान्वित हो जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में अब तक 35.38 लाख परिवारों एवं 76.25 लाख व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जा चुका है। राज्य में इस योजना के अंतर्गत 606 सरकारी एवं 379 गैर सरकारी अस्पताल (कुल 985 अस्पताल) सूचीबद्ध किये जा चुके हैं। अभी तक 4 लाख 11 हजार परिवारों को इस योजना के तहत 429 करोड़ से अधिक की राशि से स्वास्थ्य लाभ दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-ration-card-holders-will-get-free-treatment-facility